तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **महेन्द्र सिंह भाटी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353449954567077	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18/05/26	अपीलार्थी महेन्द्र सिंह भाटी निवासी भाटी चौराहा मगरा पूंजला, मण्डोर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.02.2026 राजकाज पत्रांक 19899154 दिनांक 13.01.2026 में उल्लेखित कार्यालय सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर का पत्रांक 19093212 दिनांक 02.12.2025, इस कार्यालय के सम संख्यक पत्रांक 6044 दिनांक 07.10.2025 एवं पत्रांक 7702 दिनांक 10.12.2025 की सत्यापित प्रतियां प्रदान करने व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 591 दिनांक 27.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 27.03.2026 द्वारा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22285179
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.20 06:34:51 IST
Reason: Approved